ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ, उत्तर प्रदेश (भारत)
Khwaja Moinuddin Chishti Language University, Lucknow, U.P. (India)

# विद्यापरिषद की 12वीं बैठक की कार्यवाही

दिनांक 06, सितम्बर 2022 को पूर्वान्ह् 11:00 बजे सभागार में सम्पन्न विद्या परिषद की 12वीं बैठक की कार्यवाही में निम्नलिखित सदस्यगण उपस्थित रहें :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 एन0बी0 सिंह, माननीय कुलपति | – अध्यक्ष। |
| 2. | प्रो0 बलराज चौहान, पूर्व कुलपति, डॉ0 राम म0 लो0 राष्ट्रीय लॉ विश्वविद्यालय, लखनऊ। | – सदस्य। |
| 3. | प्रो0 मनोज दीक्षित, पूर्व कुलपति, डॉ0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या। | – सदस्य। |
| 4. | प्रो0 पवन अग्रवाल, हिन्दी व आ0 भारतीय भाषा विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ। | – सदस्य। |
| 5. | प्रो0 मसऊद आलम, संकायाध्यक्ष, कला एवं मानविकी संकायाध्यक्ष/पुस्तकालय प्रभारी। | – सदस्य। |
| 6. | प्रो0 माहरुख मिर्ज़ा, आचार्य, वाणिज्य विभाग। | – सदस्य। |
| 7. | प्रो0 सैय्यद हैदर अली, विभागाध्यक्ष, व्यवसाय प्रशासन विभाग। | – सदस्य। |
| 8. | प्रो0 चन्दना डे, संकायाध्यक्ष, सामाजिक विज्ञान संकाय। | – सदस्य। |
| 9. | प्रो0 एहतेशाम अहमद, संकायाध्यक्ष, वाणिज्य संकाय। | – सदस्य। |
| 10. | प्रो0 तनवीर खदीज़ा, विभागाध्यक्ष, अंग्रेज़ी विभाग। | – सदस्य। |
| 11. | प्रो0 फखरे आलम,विभागाध्यक्ष, उर्दू विभाग। | – सदस्य। |
| 12. | प्रो0 सौबान सईद, आचार्य, उर्दू विभाग/अधिष्ठाता, छात्र कल्याण। | – सदस्य। |
| 13. | डॉ0 मुशीर अहमद, सह आचार्य, व्यवसाय प्रशासन विभाग। | – सदस्य। |
| 14. | डॉ0 तत्हीर फ़ातमा, संकायाध्यक्ष, विज्ञान संकाय। | – सदस्य। |
| 15. | डॉ0 जमाल शब्बीर रिज़वी, सह आचार्य, उर्दू विभाग। | – सदस्य। |
| 16. | डॉ0 प्रवीण कुमार राय, सह आचार्य, भूगोल विभाग। | – सदस्य। |
| 17. | डॉ0 मोहम्मद अकमल, सहायक आचार्य, उर्दू विभाग। | – सदस्य। |
| 18. | डॉ0 वसी अहमद आज़म अंसारी, सहायक–आचार्य, उर्दू विभाग। | – सदस्य। |
| 19. | प्रो0 संजीव कुमार त्रिवेदी, प्रभारी निदेशक, अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय। | – आमंत्रित सदस्य। |
| 20. | श्री अजय कृष्ण यादव, कुलसचिव। | – सदस्य सचिव। |

सर्वप्रथम अध्यक्ष महोदय की आज्ञा से कुलसविच द्वारा समस्त सदस्यों का स्वागत करते हुए बैठक की कार्यवाही प्रारभ की गयी। कुलसचिव द्वारा प्रस्तुत कार्यसूची पर विद्या परिषद् द्वारा बिन्दुवार निम्नांकित निर्णय लिये गये :–

**बिन्दु सं0–1** **विद्यापरिषद् की 11वीं बैठक दिनांक 23, जून 2022 की संलग्न कार्यवाही के सम्पुष्टिकरण पर विचार।**

परिषद् द्वारा विद्या परिषद् की पूर्व में सम्पन्न बैठक दिनांक 23, जून 2022 की कार्यवाही को यथावत सम्पुष्ट करते हुए यह निर्देशित किया गया कि बैठक के उपरान्त अनुमोदित कार्यवाही समस्त सदस्यों को अवश्य उपलब्ध करायी जाए।

**बिन्दु सं0–2** **विद्यापरिषद् की 11वीं बैठक दिनांक 23, जून 2022 की कृत कार्यवाही। (ATR)**

परिषद् के सदस्यों द्वारा 11वीं बैठक की कृत कार्यवाही को यथावत् सम्पुष्ट किया गया तथा 11वीं बैठक के प्रक्रियाधीन प्रकरण पर निम्नानुसार निर्णया लिया गया–

1. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के पत्र D.O No. 4-1/2022(IC) दिनांक 05, मई 2022 के विषय "UGC Regulation to offer Twinning, Joint Degree and Dual Degree Programmes" पर प्रस्ताव उपलब्ध कराये जाने हेतु गठित समिति द्वारा अवगत कराया

गया कि भारत सरकार के राजपत्र में उल्लिखित पात्रता पूर्ण न कर पाने के कारण विश्वविद्यालय स्तर पर Twinning, Joint Degree and Dual Degree Programmes संचालित किया जाना सम्भव नही है, जिसकों परिषद् के समस्त सदस्यों द्वारा अनुमोदित किया गया।

2. अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के पत्र सं0–570/सत्तर–4–2022 दिनांक 23, मार्च 2022 के "केन्द्रीय बजट–2022–23 में चिन्हित क्षेत्रों में शोध एवं अनुसंधान को प्रोत्साहित करने के सम्बन्ध में– **Defence Studies and Sunrise Opportunities** पर प्रस्ताव उपलब्ध कराये जाने हेतु माननीय कुलपति महोदय द्वारा पूर्व में गठित समिति से एक माह के भीतर अपनी आख्या प्रेषित किये जाने की संस्तुति की गयी जिसको परिषद् द्वारा अनुमोदित किया गया।

बिन्दु सं0–3 **छात्रों की मांग के आधार पर सत्र 2022–23 में विश्वविद्यालय में निम्नांकित नवीन पाठ्यक्रमों के संचालन हेतु सम्बंधित विषयों/पाठ्यक्रमों की बोर्ड ऑफ स्टडीज़ एवं संकाय बोर्ड की संस्तुतियों पर विचार।**

1. **विज्ञान संकाय के अन्तर्गत B.Sc Physics, B.Sc Chemistry, B.Sc Microbiology, B.Sc Botany, B.Sc Computer Science, B.Sc Electronics, B.Sc Industrial Chemistry, B.Sc Statistics, B.Sc Geology पाठ्यक्रमों हेतु संकाय बोर्ड की संस्तुति दिनांक 26.08.2022**
2. **वाणिज्य संकाय के अन्तर्गत B.Com (Tours & Travel Management) पाठ्यक्रम हेतु बोर्ड ऑफ स्टडीज़ की संस्तुति दिनांक 05.05.2022**
3. **कला एवं मानविकी संकाय के अन्तर्गत बी0ए0 संस्कृत, बी0ए0 फ्रेंच पाठ्यक्रम हेतु बोर्ड ऑफ स्टडीज़ की संस्तुति दिनांक 01.09.2022**
4. **कला एवं मानविकी संकाय के अन्तर्गत अरबी विभाग में एक वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम– Arabic for Biginners & Diploma in Arabic-English-Arabic Translation (Online), फ़ारसी विभाग में एक वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम– One Year Diploma in Persian (Online) तथा उर्दू विभाग में एक वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम– One Year Diploma in Urdu (Online) संचालन हेतु बोर्ड ऑफ स्टडीज़ की संस्तुति पर विचार।**

1. विद्या परिषद् द्वारा विज्ञान संकाय के अन्तर्गत प्रस्तावित भिन्न बी0एस0सी0 पाठ्यक्रमों में से वित्त समिति के निर्णय के अनुरुप केवल **B.Sc Physics, B.Sc Chemistry, B.Sc Microbiology, B.Sc Botany, B.Sc Computer Science, B.Sc Statistics** के संचालन हेतु सैद्धान्तिक सहमति प्रदान की गयी।
2. परिषद् द्वारा वाणिज्य विभाग की बी0ओ0एस0 से अनुमोदित पाठ्यक्रम **"B.Com (Tours & Travel Management)"** के संचालन के सम्बन्ध में प्रस्तुत प्रस्ताव के परीक्षण तथा यू0जी0सी0 के मानकों के आधार पर तैयार किये जाने हेतु निम्नवत समिति का गठन किया गया–

   1. प्रो0 मनोज दीक्षित – समन्वयक।
   2. प्रो0 मसऊद आलम – सदस्य।
   3. प्रो0 एहतेशाम अहमद – सदस्य।

परिषद् द्वारा गठित समिति से अपेक्षा की गयी कि आगामी विद्या परिषद् की बैठक से पूर्व सम्बंधित प्रस्ताव उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

3. कला एवं मानविकी संकाय के अन्तर्गत बी0ए0 संस्कृत एवं पाली भाषा तथा बी0ए0 फ्रेंच पाठ्यक्रम संचालित किय जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया तथा बी0ए0 फ्रेंच पाठ्यक्रम को Department of English and Modern, European & Asian Languages के अन्तर्गत संचालित किये जाने की संस्तुति की गयी।
4. कला एवं मानविकी संकाय के अन्तर्गत उर्दू, अरबी तथा फ़ारसी विभाग द्वारा एक वर्षीय ऑनलाईन डिप्लोमा पाठ्यक्रम के संचालन पर अनुमोदन प्रदान किया गया।
5. परिषद् द्वारा विश्वविद्यालय में अन्य भाषाओं के पाठ्यक्रम/विभाग प्रारम्भ किये जाने के भी निर्देश दिये गये।
6. NEP-2020 के अन्तर्गत विभागों के आवश्यकतानुसार प्रत्येक सेमेस्टर में 01 (एक) नान क्रेडिट कोर्स प्रारम्भ किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

बिन्दु सं0–4 **राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के सम्बन्ध में शासन द्वारा प्राप्त निर्देशों के आलोक में सत्र 2022–23 में संचालित स्नातक पाठ्यक्रमों के अनुरुप संशोधित अध्यादेश तैयार किये जाने हेतु गठित समिति द्वारा प्रस्तुत स्नातक अध्यादेश के अनुमोदन पर विचार।**

परिषद् द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के सम्बन्ध में शासन द्वारा प्राप्त निर्देशों के आलोक में सत्र 2022–23 में संचालित पाठ्यक्रमों के अनुरुप समिति द्वारा संशोधित स्नातक अध्यादेश को लागू किये जाने पर अनुमोदन प्रदान करते हुए एक उपसमिति के माध्यम से पुनः परीक्षण कराकर अग्रेतर कार्यवाही हेतु माननीय कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया।

बिन्दु सं0–5 **राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के सम्बन्ध में शासन द्वारा प्राप्त निर्देशों के आलोक में सत्र 2022–23 में संचालित परास्नातक पाठ्यक्रमों के अनुरुप संशोधित अध्यादेश तैयार किये जाने हेतु गठित समिति द्वारा प्रस्तुत परास्नातक अध्यादेश के अनुमोदन पर विचार।**

परिषद् द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के सम्बन्ध में शासन द्वारा प्राप्त निर्देशों के आलोक में सत्र 2022–23 में संचालित पाठ्यक्रमों के अनुरुप समिति द्वारा संशोधित परास्नातक अध्यादेश को लागू किये जाने पर अनुमोदन प्रदान करते हुए एक उपसमिति के माध्यम से पुनः परीक्षण कराकर अग्रेतर कार्यवाही हेतु माननीय कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया।

बिन्दु सं0–6 **विश्वविद्यालय में संचालित पी0एचडी0 पाठ्यक्रम हेतु संशोधित अध्यादेश तैयार किये जाने हेतु गठित समिति द्वारा प्रस्तुत पी0एच0डी0 अध्यादेश के अनुमोदन पर विचार।**

परिषद् द्वारा विश्वविद्यालय के संशोधित पी0एच0डी0 पाठ्यक्रम हेतु गठित समिति द्वारा संशोधित पी0एच0डी0 अध्यादेश को लागू किये जाने पर अनुमोदन प्रदान करते हुए एक उपसमिति के माध्यम से पुनः परीक्षण कराकर अग्रेतर कार्यवाही हेतु माननीय कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया।

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ, उत्तर प्रदेश (भारत)
Khwaja Moinuddin Chishti Language University, Lucknow, U.P. (India)

बिन्दु सं0–7 उत्तर प्रदेश शासन के आदेश सं0–2636/सत्तर–1–2022–16(11)/2014 टी0सी0–II दिनांक–24, अगस्त 2022 के सापेक्ष माननीय कुलपति महोदय के अनुमोदनोपरान्त विश्वविद्यालय के शैक्षणिक सत्र 2022–23 हेतु तैयार शैक्षणिक कैलेण्डर से परिषद् को संसूचित किया जाना।

उत्तर प्रदेश शासन के आदेश सं0–2636/सत्तर–1–2022–16(11)/2014 टी0सी0–II दिनांक–24, अगस्त 2022 के अनुपालन में शैक्षिक सत्र 2022–23 हेतु तैयार शैक्षणिक कैलेण्डर से परिषद् संसूचित हुई तथा सी0बी0एस0ई0, आई0सी0एस0ई0 के 12वीं के परीक्षा परिणाम विलम्ब से आने के कारण प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश की कार्यवाही संचालित होती रहेगी।

अन्य बिन्दु माननीय कुलपति/अध्यक्ष महोदय की अनुमति से।

बिन्दु सं0–1 डॉ0 तत्हीर फ़ातमा द्वारा सत्र 2022–23 में एम0ए0 गृह विज्ञान/एम0एस0सी0 गृह विज्ञान में प्रवेश दिये जाने के सम्बन्ध में हुई वार्ता के सापेक्ष माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा इस प्रकरण पर विचार एवं प्रस्ताव उपलब्ध करने हेतु निम्नानुसार समिति गठित की गयी–

1. प्रो0 सौबान सईद, समन्वयक, प्रवेश 2022–23।
2. डॉ0 तत्हीर फ़ातमा, विभागाध्यक्ष, गृह विज्ञान विभाग।
3. कुलसचिव।

उक्त के सम्बन्ध में निर्णय हेतु मा0 कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया।

अन्त में समस्त सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए विद्या परिषद् की बैठक सम्पन्न हुई।

06/9/22

(अजय कृष्ण यादव)
कुलसचिव/सदस्य सचिव

(प्रो0 एन0बी0 सिंह)
कुलपति/अध्यक्ष।